आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :12 अंक :294 पृष्ठ -4 दिनांक 22अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार

# गृहमंत्री अमित शाह के जन्मदिन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आज अपना 60वां जन्मदिन मना रहे हैं

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आज अपना 60वां जन्मदिन मना रहे हैं. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है, सीएम योगी ने उनकी लंबी उम्र की कामना की और उन्होंने पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं का प्रेरणा स्रोत बताया. उन्होंने कहा कि अमित शाह ने अपने प्रतिबद्धता से देश के मान सम्मान को बढ़ाया है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर गृहमंत्री अमित शाह की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा–अनुशासन और कर्मठता के जीवंत प्रतीक, करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, सहकार से समृद्धि के भाव को निरंतर चरितार्थ कर रहे लोकप्रिय जननेता माननीय केंद्रीय


सीएम योगी ने दी अमित शाह को जन्मदिन की बधाई

गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! समृद्ध, सुरक्षित और सशक्त राष्ट्र के निर्माण हेतु आपकी प्रतिबद्धता ने माँ भारती को निरंतर गौरवभूषित किया है. प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना है.आपके सशक्त नेतृत्व ने देश की आंतरिक सुरक्षा को अभ. तपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और कश्मीर को विका की मुख्यधारा से जोड़ने में आपका योगदान अतुलनीय है. आपके अथक प्रयासों ने सहकारिता आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा दी है, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ है. प्रभु बदरी विशाल से आपके सुदीर्घ, आरोग्यपूर्ण एवं मंगलमय जीवन की कामना करता हूं.

**सीएम धामी ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं** वहीं



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी गृहमंत्री अमित शाह के जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं. सीएम धामी ने अमित शाह के साथ अपनी तस्वीर शेयर की जिसमें वो उन्हें फूलों को गुलदस्ता देते नजर आ रहे हैं. इस के साथ उन्होंने एक्स पर उन्हें बधाई दी और लिखा– श्प्रभावशाली प्रशासक, कर्मयोगी और दृढ़ व्यक्तित्व के धनी यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी काजन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.

## झारखंड चुनाव प्रचार में BJP नहीं छोड़ेगी कोई कसर, .पीएम मोदी की इतनी रैलियां प्रस्तावित

बीजेपी ने झारखंड की रणनीति तैयार कर ली है. पार्टी ने जहां एक तरफ 66 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है. वहीं, दूसरी तरफ झारखंड में जीत दर्ज करने के तर्ज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 7 जन सभाएं प्रस्तावित की गई है. पीएम मोदी की पहली सभा रांची में होगी, जहां पीएम के साथ सहयोगी दलों के नेता नीतीश कुमार, चिराग पासवान, सुदेश महतो भी मंच पर मौजूद रहेंगे. झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है. इसी के बाद से सभी पार्टियों ने तेजी से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है. इसी बीच सूत्रों के मुताबिक झारखंड में पीएम मोदी की 7 चुनावी सभाएं होने की उम्मीद है. प्रदेश बीजेपी ने पीएम मोदी की कम से कम 7 चुनावी सभाएं कराने का प्रस्ताव केंद्रीय नेतृत्व को भेजा है.बीजेपी पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में तेजी दिखाते हुए 66 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है. इन उम्मीदवारों में बाबू लाल मरांडी, चंपई सोरेन, सुदर्शन भगत का नाम सबसे अहम हैं. पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सरायकेला से उम्मीदवार बनाया है. मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन के खिलाफ गांडेय से बीजेपी ने मुनिया देवी को मैदान में उतारा है.रांची में होगी पहली जनसभाझारखंड के हर एक प्रमंडल ( डिविजन) में पीएम मोदी की एक चुनावी सभा होगी. झारखंड में पांच



डिवीजन है, लेकिन पार्टी ने संगठन के नजरिए से राज्य को 6 डिवीजन में बांटा है. जिसमें पलामू, संथाल परगना, कोल्हान, उत्तरी छोटा नागपुर, दक्षिणी छोटा नागपुर शामिल है. छठा डिवीजन कोयलांचल है जिसमें धनबाद, बोकारो, गिरिडीह शामिल हैं.सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी की पहली सभा रांची में प्रस्. तावित होगी, जहां पीएम के साथ सहयोगी दलों के नेता नीतीश कुमार, चिराग पासवान, सुदेश महतो भी मंच पर मौजूद रहेंगे. पीएम के चुनावी भाषणों का फोकस प्रदेश सरकार पर करप्शन के आरोप, अवैध खनन के साथ–साथ ही बांग्लादेशी घुसपैठ, लव जेहाद, डेमोग्रा. फिक बदलाव, धर्मांतरण पर रहेगा.लिस्ट जारी करने के बाद पार्टी` नाराजगी बीजेपी ने झारखंड में 66 उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी की है. बीजेपी के नाम जारी करने के बाद से ही उस पर परिवारवाद के आरोप लग रहे हैं. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि पार्टी ने उन लोगों को टिकट दिया है जो आधे नेता दूसरे दल से आए हुए हैं, साथ ही पार्टी ने परिवारवाद को महत्व दिया है.साथ ही प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होने के बाद से ही बीजेपी के कई कद्दावर नेता पार्टी का साथ छोड़ चुके हैं. इन में लुईस मरांडी , केदार हाजरा , कुणाल सारंगी, गणेश महली, लक्ष्मण टुडू, बास्को बेसरा का नाम शामिल हैं. इन नेताओं ने जेएमएम ज्वाइन कर ली है.राज्य में कब होगी वोटिंग?झारखंड की 81 सीटों पर दो चरण में मतदान होगा. पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होगा. इसके बाद दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग की जाएगी. चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे. चुनाव आयोग के मुताबिक झारखंड में कुल 2.6 करोड़ वोटर्स हैं जो उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे.

## अखिलेश यादव के भतीजे तेजप्रताप के पास है ढाई किलो सोना... 10.25 करोड़ की है संपत्तिय पत्नी भी हैं करोड़पति

पूर्व सांसद और करहल सीट से प्रत्याशी तेजप्रताप यादव असल जिंदगी में आभूषणों के शौकीन हैं।



उनके पास ढाई किलो सोने के आभूषण हैं। वहीं पत्नी राजलक्ष्मी सोने के आभूषणों के मामले में उनसे बहुत पीछे हैं। तेजप्रताप यादव के साथ ही उनकी पत्नी भी करोड़पतिहैं।सोमवार को करहल सीट से तेजप्रताप यादव ने सपा प्रत्याशी के रूप मेंनामांकन दाखिल किया। नामांकन के साथदाखिल शपथ पत्र में उन्होंने अपनी संपत्ति समेत अन्य जानक. ारियां साझाकीं।इसकेअनुसार, तेजप्रताप यादव 10.25 करोड़ की चल अचल संपत्ति के मालिक हैं। वहीं उनकी पत्नी राजलक्ष्मी 2.33 करोड़ की सपंत्ति की मालकिन हैं। केवल संपत्ति के मामले में ही नहीं आभूषणों के मामले में भी तेजप्रताप यादव अपने पत्नी से आगे हैं। तेजप्रताप यादव के पास 2.410 किलो सोने के आभूषण हैं। वहीं उनकी पत्नी के पास 240 ग्राम सोने के आभूषण हैं।दो लग्जरी कारों के हैं माकितेजप्रताप यादव दो लग्जरी कारों के मालिक भी हैं।शपथ पत्र में उन्होंने बताया कि उनके पास पांच साल पुरानी जीप कैंपर कार है,जिसकी कीमत 15 लाख रुपये के करीब हैं। वहीं दो साल पुरानी एक कार भी है, जिसकी कीमत 35 लाख रुपये है। पत्नी राजलक्ष्मी के पास कोई भीकार नहीं है।कुल चल–अचल संपत्ति 10.27 करोड़पहली बार 2014 में तेजप्रतापयादव के मैनपुरी सीट से लोकसभा उप चुनाव लड़ा था। ठीक 10 साल बाद वे करहल सीट से विधानसभा उप चुनाव लड़ रहे हैं। बीते 10 सालों में उनकी चल–अचल संपत्ति ढाई गुनी हो गई। 2014 दाखिल शपथ पत्र के अनुसार वे 4.29 करोड़ की चल–अचल संपत्ति के मालिक थे। वहीं 2024 में दाखिल शपथ पत्र में उन्होंने अपनी कुल चल अचल संपत्ति 10.27 करोड़ दशाई है।दलरू समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह के भाई और आजमगढ़ से सांसद धर्मेंद्रयादव के पिताअभयरामयादव राजनीति से कोसों दूर हैं। वह घर पर ही रहकर परिवार की अन्य जिम्मेदारियां संभालते हैं, लेकिन वह नामांकन सेपहले ही कलेक्ट्रेट पहुंच जाते हैं। इससे पहले वह सांसद डिंपल यादव, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नामांकन भी आ चुके हैं। हर बार की तरह इस बार भी वह कलेक्ट्रेट के गेट पर ही बैठे रहे। बात. चीत में उन्होंने इतना ही कहा करहल में सपा ही जीतेगी।

### गुजरात फर्जी जज का फर्जी कोर्ट

**गुजरातके अहमदाबाद में एक वकील फर्जी जज बनकर कई साल से फर्जी कोर्ट चला रहा था. हैरानी की बीत ये है कि फर्जी जज अहमदाबाद सिविल कोर्ट के सामने ही अपनी फर्जी कोर्ट चला रहा था.फर्जी जज ने अरबों की विवादित जमीनों से जुड़े मामले में कई ऑर्डरपास किए. मामला असली कोर्ट तक पहुंचा तो उस पर एक्शन लिया गया है.फर्जी आ. ईपीएस, फर्जी दफ्तर के बाद अब फर्जी कोर्ट और जज का पर्दाफाश हुआ है**



मामला गुजरात के अहमदाबाद में एक फर्जी कोर्ट पकड़ी गई. पेशे से वकील नकली जज बनकर पिछले कई सालों से फर्जीवाडे का यह धंधा चल रहा था. मामला प्रकाश में आया तो सभी के होश उड़ गए. कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने फर्जी जज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की.हैरानी की बीत ये है कि फर्जी जज अहमदाबाद सिविल कोर्ट के सामने ही अपनी फर्जी कोर्ट चला रहा था. पेशे से वकील मॉरिस सैमुअल क्रिश्चियन नेअरबों की विवादित जमीनों से जुड़े मामले में कई ऑर्डर पास किए. बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ ऑर्डर डीएम ऑफिस तक पहुंच गए. मामला तब प्रकाश में आया जब इससे जुड़ा केस अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट के जज के पासपहुंचा. फिर रजिस्ट्रार ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई. पुलिस ने जांच के बाद मॉरिस क्रिश्चन को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी मॉरिस सैमुअल क्रिश्चियन ने एक फर्जी न्यायाधीकरण बनाकर खुद कोजज के रूप में पेश किया. अहमदाबाद के भादर में सिटी सिविल एंड सेशंस कोर्ट के रजिस्ट्रार हार्दिक देसाई ने कारंज पुलिस स्टेशन में आरोपी मॉरिस सैमुअल क्रिश्चिन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. रजिस्ट्रार हार्दिक देसाई द्वारा दायर शिकायत में यह कहा गया कि आरोपी ने अन्य व्यक्तियों के साथ ठाकोर बापूजी छनाजी के नाम परएकआपराधिक साजिश रची. उसने खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश किया.जानकारी के मुताबिक, फर्जी जज मॉरिस सैमुअल क्रिश्चियन के खिलाफ शिकायत मिली तो सिटी सिविल कोर्ट के जज जे.एल. चौटिया ने पुलिस को मामले में कार्रवाई करने का आदेश दिया. कोर्ट ने पुलिस को फर्जी कोर्ट में रखे कंप्यूटर, सीपीयू और अन्य उपकरण जब्त करने का आदेश दिया है. पुलिस अपनी कार्रवाई में जुटी हुई है. वहीं, अहमदाबाद में फर्जी कोर्ट के इस खुलासे से हड़कंप मचा हुआ है. लोग हैरान हैं कि कैसे एक फर्जी जज सालों तक लोगों को बेवकूफ बनाता रहा.

## अतीक अहमद के तीन फरार शूटरों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, आरोपियों पर घोषित है पांच-पांच लाख का इनाम



प्रयागराज पुलिस ने उमेश पाल शूटआउट केस में फरार शूटर गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमानतकरीबन डेढ़ साल पहले मौत के घाट उतारे जा चुके माफिया अतीक अहमद के गिरोह से जुड़े तीन शूटरों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है. प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल और दो सरकारी गनर शूटआउट केस में शामिल रहे यह तीनों शूटर पिछले साल से फरार चल रहे हैं. यूपी पुलिस ने इन तीनों शूटरों पर पांच–पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है.प्रयागराज पुलिस ने उमेश पाल शूटआउट केस में फरार शूटर गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान बिहारी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है. इस मामले में प्रयागराज पुलिस ने कोर्ट में 115 पन्नों की चार्जशीट व केस डायरी कोर्ट में दाखिल की है. प्रयागराज के इस चर्चित शूटआउट केस में पुलिस ने यह पांचवीं चार्जशीट दाखिल की है. माफिया अतीक के बेहद करीबी कहे जाने वाले जिन तीनों शूटरों गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान बिहारी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है, उन सभी पर पांच – पांच लाख रुपए का इनाम घोषित है.अबतक 11 आरोपी भेजे जा चुके जेलपुलिस ने इस मामले में एससी–एसटी की धाराएं भी बढ़ाई हैं. कोर्ट में उमेश पाल शूट आउट केस का ट्रायल शुरू हो चुका है. इस चर्चित मामले में अब तक ग्यारह आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं. बहुचर्चित हत्याकांड की साजिश में शामिल नौकर राकेश उर्फ लाला, ड्राइवर कैश अहमद, अरशद कटरा, नियाज अहमद, इकबाल अहमद, शाहरुख, वकील खान शौलत हनीफ, अतीक के बहनोई अखलाक अहमद व एक अन्य को अब तक जेल भेजा गया है. इसके साथ ही मुख्य साजिशकर्ता सदाकत खान व वकील विजय मिश्रा भी जेल में बंद हैं. इसी मामले में आरोपी बनाए गए अतीक के बेटे अली अहमद और मोहम्मद उमर भी जेल में हैं. अतीक की पत्नी सहित कुल 6 आरोपी हैं फरार उमेश पाल हत्याकांड में इन तीनों इनामी शूटर्स के साथ ही कुल छह आरोपी फरार हैं. मामले में माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा और अतीक की बहन आयशा नूरी फरार हैं. अतीक के परिवार की इन तीनों फरार महिलाओं पर भी पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा है. अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन पर पचास हजार जबकि जैनब फातिमा और आयशा नूरी पर पचीस पचीस हजार का इनाम घोषित है.उमेश पाल शूटआउट केस में अतीक का बेटा असद, शूटर गुलाम, शूटर विजय चौधरी और ड्राइवर अरबाज पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं. कुल चार आरोपी अब तक पुलिस एनकाउंटर में मारे गए हैं. उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की हत्या पिछले साल 24 फरवरी की शाम को बम और गोली मारकर की गई थी.

### केमिकल गोदाम में लगी भीषण आग, आसमानी लपटें देख लोगों में फैली दहशतय पुलिस ने खाली कराए आसपास के घर



उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में सोमवार देर रात केमिकल गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से आस–पास के क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस ने आसपास के मकानों को खाली कराया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया। घटना रामगढ़ क्षेत्र के हसमत नगर दीदामई मोहल्ले की है।दक्षिण थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी राजू सिंह का हसमत नगर दीदामई में केमिकल का गोदाम है। सोमवार देर शाम वह गोदाम को बंद कर अपने घर चले [illegible] थे। देर रात्रि गोदाम से आग की लपटें उठता देख आसपास के लोगों ने गोदाम स्वामी को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे गोदाम स्वामी ने भड़क रही आग की जानकारी फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। पुलिस ने आस पास के मकानों को खाली कराया। मौके पर टूंडला, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद और सिरसागंज से फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिन्होंने आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब चार घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# राम रहीम के खिलाफ पंजाब सरकार ने मुकदमा चलाने की दी मंजूरी

## पंजाब सरकार ने राम रहीम के खिलाफ गुरू ग्रंथ साहिब के बेअदबी मामले पर मुकदमा चलाने की मंजूरी



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साल 2015 के गुरु ग्रंथ साहिब के बेअदबी मामलों में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा के खिलाफ मुक. दमा चलाने की सोमवार को मंजूरी दे दी है . पंजाब सरकार ने डेरा सिरसा प्रमुख गुरमीत के खिलाफ तीन मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति दी है. पूरा मामला जून 2015 में फरी. दकोट के बुर्ज जवाहर सिंह वाला गांव में एक गुरुद्वारे से गुरु ग्रंथ साहिब की एक प्रति की चोरी से शुरू हुआ था.जिसके बाद फरीदकोट के जवाहर सिंह वाला और बरगाड़ी गांवों में पवित्र ग्रंथ के खिलाफ अपवित्र पोस्टर लगाए गए. उसी साल अक. टूबर में बरगाड़ी में एक गुरुद्वारे के पास पवित्र ग्रंथ के कई फटे हुए पन्ने बिखरे हुए पाए गए. इस मामले की कार्रवाई के लिए बाबा गु. रमीत पर धारा 295ए के तहत मुकदमा चलाने के लिए सरकार से अनुमति लेना जरूरी था.मामला सीबीआई को सौंपाइसके बाद पंजाब में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए. राज्य पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें दो आंदोलनकारियों की मौत हो गई. इस घटना के चलते पंजाब में सामाजिक और रा. जनीतिक अशांति और बढ़ गई. गुरु ग्रंथ साहिब की प्रति की चोरी और अपवित्रता से संबंधित तीन परस्पर जुड़े मामलों में कुल 12 लोगों को नामजद किया गया था. शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी की पिछली गठबंधन सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी.हाईक. ोर्ट में डेरा प्रमुख ने पंजाब सरकार की 6 सितंबर, 2018 की अधिसूचना को चुनौती दी थी, जिसमें सरकार ने सीबीआई को जांच सौंपने की अपनी सहमति वापस ले ली थी. अपनी याचिका में डेरा प्रमुख ने मांग की थी कि सीबीआई को बेअदबी के मामलों की जांच जारी रखने का निर्देश दिया जाए. इस साल मार्च में हाईकोर्ट ने इस याचिका को बड़ी बेंच को भेजा था ताकि यह तय किया जा सके कि सीबीआई जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा दी गई सहमति को बाद में वापस लिया जा सकता है या नहीं. इसके बाद कोर्ट ने आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी. इस आदेश के खिलाफ पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था.

## सिल्क एक्सपो 2024 सीएम योगी बोले– यूपी की प्रगति संतोषजनक पर संभावनाओं को देखते हुए ये पर्याप्त नहीं

लखनऊ– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में सिल्क एक्सपो का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि यूपी की प्रगति पहले की तुलना में संतोषजनक है पर यहां की संभावनाओं को देखते हुए अपर्याप्त है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक नारा हमेशा प्रचलित रहा है, रोटी कपड़ा और मकान। कपड़ा जीवन की आवश्यकता है और किसान की आमदनी बढ़ाने के साथ रोजगार का सशक्त माध्यम है। यूपी की प्रगति पहले की तुलना में संतोषजनक हो सकती है लेकिन यूपी की संभावनाओं को देखते हुए अपर्याप्त है। सिल्क एक्सपो भी इसका माध्यम बने इसलिए आह्वान करूंगा। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को लखनऊ के इंदिरानगर में सिल्क एक्सपो के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर वाराणसी और भदोही के आ. सपास आजमगढ़ से मुबारकपुर तक के कई जिलों में सिल्क क्लस्टर डेवलप करने के लिए केंद्र ने कदम बढ़ाए हैं। काशीधाम बनने के बाद बनारसी साड़ियों की मांग में बहुत वृद्धि हुई है। पीएम मित्र पार्क टेक्सटाइल पार्क एक हजार एकड़ में विकसित होने जा रहा है



लेकिन कच्चा माल हमें ही तैयार करना होगा। किसान के लिए असीम संभावनाएं हैं। बस्ती, गोरखपुर और देवीपाटन सही कई मंडलों में रेशम उत्पादन बढ़ेगा। यूपी का क्लाइमेट जोन अलग अलग है। ऐसे में यहां हर तरह के रेशम उत्पादन की अच्छी संभावनाएं हैं। अगर बनारसी साड़ी सहित अन्य रेशम उत्पाद को प्रदेश में सस्ता कच्चा माल मिलेगा तो बहुत विकास होगा। मार्केटिंग से लेकर डिजाइनिंग तक के लिए सरकार आपके साथ है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने अपने परंपरागत उत्पाद के लिए नई पॉलिसी बनाई, जिसे एक जिला एक उत्पाद का नाम दिया। सरकार ने इसे उत्पादन, पैकेजिंग, मार्केटिंग और डिजाइनिंग से जोड़ा है। यूपी में 75 से ज्यादा उत्पादों को जीआई टैग मिला हैपिछली सरकारों की उपेक्षा का दंश यूपी के पारंपरिक उत्पादों कोझेलना पड़ा। आज अलग जिलों के अलगउत्पाद ग्लोबल प्लेटफार्म में यूपी की पहचान मजबूत कर रहे हैं। सिल्क क्लस्टर यूपी में बनाना होगा। किसानों को रेशम मित्र के रूप में पहचान दिलाएंगे। सरकार हर संभव सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र पार्क इन संभावनाओं को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। रेशमपारंपरिक तकनीक पर है लेकिन तकनीक के साथ खुद को बदलना पड़ेगा। चरखा अब बिजली का आ गया है। रेशम के उत्पादों को जब प्रोसेसिंग से जोड़ रहे हैं तो आधुनिक तकनीक की मदद लेनी पड़ेगी।

## मोहन भागवत से मिलेंगे सीएम योगी, यूपी उप–चुनाव में लागू होगा हरियाणा का फॉर्मूला



उत्तर प्रदेश में उपचुनाव पर भारतीय जनता पार्टी सभी सीटें जीतने की कोशिश में है. इसके जरिए वह लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के अलायंस से पिछड़ने के जख्म को भरना चाहती है. अब इसके लिए बीजेपी को यूपी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद मिलेगी. माना जा रहा है कि सरसंघचालक मोहन भागवत और सीएम योगी आदित्यनाथ की मुलाकात के बाद यूपी उपचुनाव में रणनीति एक हद तक स्पष्ट हो जाएगी. सूत्रों की मानें तो हरियाणा चुनाव का आजमाया हुआ फार्मूला यूपी उपचुनाव में इस्तेमाल हो सकता है.यूपी में होने वाले नौ विधानसभा सीटों के लिये ै ने अपना फॉर्मुला तय कर लिया है जिससे आज ब्ड योगी को अवगत करा दिया जायेगा. संघ हरियाणा की तर्ज पर मतदाताओं को बढ़ाने की कवायद करेगा, मोहन भागवत के साथ आज योगी कैसे मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाये इसकी योजना बनाएंगे. परखम में 10 दिवसीय प्रवास पर आए संघ प्रमुख मोहन भागवत से आज CM की मुलाकात तय है. ै नुक्कड़ सभाओं, छोटे समूह की बैठकों और बेहतर बूथ प्रबंधन के साथ–साथ डोर–टू–डोर अभियान चलाकर भाजपा के लिए माहौल बनाने का वैसा ही प्रयास करेगा जैसा हरियाणा चुनाव में किया गया था. संघ का पूरा जोर हरियाणा की तर्ज पर किसी भी कीमत पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा समर्थक मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की है.लोकसभा चुनाव में क्या हुआ था?लोकसभा चुनाव में संघ पर ये आरोप लगा था कि इसके स्वयंसेवक निराश हताश होकर भाजपा प्रत्याशियों के साथ खड़े नहीं थे जिसका परिणाम सबके सामने हैं लेकिन लो. कसभा चुनाव के बाद संघ ने उन क्षेत्रों की भी पहचान की है. जहां भाजपा को बीते लोकसभा चुनाव में उम्मीदों के अनुरूप मत नहीं मिले थे३इसके लिए संघ ने करीब छः हजार छोटी सभाओं का खाका खींचा है. साथ ही डोर–टू–डोर बैठकों का सहारा भी लेगा. मंगलवार शाम छह बजे करीब सीएम कस्बा फरह के परखम पहुंचेंगे. यहां पर आरएसएस का 10 दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है. वह संघ प्रमुख से मुलाकात करेंगे फिर सात बजे के करीब आगरा एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंग

## वाराणसी में अद्भुत पहल, संस्कृत के विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहा काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन



काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की तरफ से अब एक नई पहल की गई है. 22 फरवरी 2024 वाराणसी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने BHU के स्वतंत्रता भवन सभागार में कहा था कि काशी और कांची में वेदों का पाठ, एक भारत श्रेष्ठ भारत का स्वर है. भारत एक विचार है और संस्कृत इसकी मुख्य अभिव्यक्ति है . विश्वनाथ धाम एक निर्णायक दिशा देगा भारत को उज्जवल भविष्य की ओर ले जाएगा.मंदिर प्रशासन द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिर्देशप. रअब संस्कृत के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारीयों के लिए शुद्ध व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है .श्संस्कृत के हजारों विद्यार्थियों को मिल रहा है पौष्टिक भोजनश मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के दिशा निर्देश पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद द्वारा काशी के संस्कृ त विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारीयों को 2–2 जोड़े वस्त्र, इसके अलावा विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक और वाद्य यंत्र उपलब्ध करा दिया गया है. वर्तमान कार्तिक माह मेंकाशीविश्वनाथ मंदिर प्रशासन की देखरेख में किचन भी शुरू हो चुका है जिसमें तकरीबन 5000 लोगों के लिए शुद्ध और पौष्टिक भोजन बनाने की क्षमता है. इसमें दक्षिण भारत की एक संस्था कोईलुर मठ का भी सहयोग है. दिनांक 20 अक्टूबर से काशी के संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों, शिक्षको और कर्मचारियों के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है. काशीविश्वनाथ मंदिर में दो किचनश्काशी विश्वनाथमंदिर प्रशासन की तरफ से 9 अप्रैल से काशी के अलग अलग अस्पतालों में भर्ती हो रहे दूर दराज के मरीजों के परिजनों को भोजन भीउपलब्ध कराया जा रहा है. काशी विश्वनाथ मंदिर में भोजन बनाने के लिए प्रमुख तौर पर दो किचनस्थापित हैं, जिसमें एक की क्षमता 1500 और दूसरे की क्षमता 5000 लोगों के लिए भोजन बनाने की हैवर्तमान समय में 4000 लोगों के लिए भोजबनाया जा रहा है. निश्चित ही मंदिर प्रशासन की इस पहल से काशी में इलाज कराने वाले रोगियों के परिजनों और संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों वकर्मचारियों को काफी सहूलियत होगी .

### एक साथ रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए 23 हाथी, रोकनी पड़ गई 16 ट्रेनें, भावुक कर देगी वजह

झारखंड के बंडामुंडा रेलवे स्टेशन के पास अचानक से हाथियों का झुंड आकर खड़ा हो गया. झुंड में कुल 23 हाथी थे. इस कारण 10 घंटे तक 16 ट्रेनों का परिचालन रोकना पड़ गया. कुछ दिन पहले यहां हाथी का शावक मालगाड़ी की चपेट में आ गया था. माना जा रहा है कि शायद हाथियों का ये झुंड उसी शावक को ढूंढने पहुंचा था.झारखंड के चक्रधरपुर में रेलवे विभाग को अचानक से 16 ट्रेनें रोकनी पड़ गईं. यहां सोमवार को बंडामुंडा स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर 23 हाथियों का दल पहुंच गया था. जैसे ही रेलवे को इसकी सूचना मिला तो कुछ कर्मचारी मौके पर पहुंचे. वहां का नजारा देख वो हैरान रह गए. एक दो नहीं बल्कि 23 हाथी उन्हें वहां दिखे. फौरन अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई. फिर उस रूट से गुजरने वाली 16 ट्रेनों को रोक दिया गया, ताकि हादसा न हो जाए.रेलवे ने 10 घंटे तक ट्रेनों को रोके रखा. इसके बाद ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया. जहां हाथियों का झुंड खड़ा था वो हावड़ा–मुंबई रूट है. हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए संबंधित रेल मंडल ने ट्रेनों की गति को लेकर आदेश जारी किया. इसके तहत अप–डाउन दोनों दिशा की ट्रेनें इस से. क्शन से 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं. ऐसा हाथियों की सुरक्षा को देखते हुए किया गया था.ज रफ्तार होने पर ट्रेनों को नियंत्रित कर पाना मुश्किल होता है. निर्धारित गति से चलने के दौरान अगर हाथी आ भी जाते हैं, तो आसानी से ट्रेनें रोकी जा सकती हैं. इस दौरान वन विभाग की टीम रेलवे ट्रैक के आसपास मौजूद रहे. फिर जैसे ही हाथी वहां से हटे तो ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया.इसी जगह पर हाथी के शावक की मौतमाना जा रहा है कि एक हफ्ते पहले इसी जगह हाथियों के झुंड को एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी थी. इसमें एक हाथी के शावक की मौत हो गई थी. हाथियों का दल शायद उसी लापता शावक की तलाश में भटक रहा है. कुछ लोगों ने सोमवार को हाथियों के झुंड का वीडियो भी बनाया है, जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है.

### एलआईयू कर्मी बन करता था ब्लैकमेलिंग



संभल : शहर निवासी एक युवक पत्रकार और एलआईयू कर्मचारी बनकर बाइक सवार युवक युवतियों को झांसे में देकर ब्लैकमेलिंग कर रहा था। हाल ही में एक युवक की उसने बाइक छीन ली और रुपये देकर बाइक ले जाने को कहा। जबकि अन्य युवक से ब्लैकमेल कर खाते में हजारों में रुपये डलवाए थे। दोनों पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ रविवार को तहरीर दी। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं।कोतवाली के मोलागढ़ निवासी राकेश कुमार पुत्र राजपाल सिंह ने बताया कि वह 16 अक्तूबर को बाइक से बदायूं से आ रहा था। रास्ते में धुरे की मुड़िया व फैजगंज के बीच में एक व्यक्ति शाम चार बजे बाइक रोक लीपूछताछ कर स्वयं को एलआईयू कर्मचारी बताया। इसके बाद 50 हजार रुपये मांग की। राकेश के मना करने पर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। कोतवाली में बंद कराने की धमकी दी।बदायूं रोड आईटीआई के पास आकर रोक लिया और बाइक छीन ली। साथ ही एक नंबर देकर उस पर 50 हजार रुपये देकर बाइक ले जाने की बात कहते हुए चला गया। जबकि दूसरे पीड़ित राजू सागर पुत्र रामौतार निवासी पंचशील कालोनी ने बताया कि 13 अक्तूबर की शाम साढे सात बजे राजू अपने कार्यस्थल बिलारी से लेट हो गया था। साथ में काम करने वाली एक युवती थी जो कि बदायूं एक गांव की रहने वाली है। लेट होने पर उसने राजू से गांव छोड़ने का अनुरोध किया। वह युवती को बाइक से गांव छोड़ने जा रहा था। इसी दौरानभैंतरी फाटक व गांव पथरा के बीचएक कार ने राजू की बाइक रोक ली। इसमें तीन लोग उतरे और स्वयं को मानवाधिकार आयोग का सदस्य बताया।युवती से उसकी जाति पूछी और उसे घर जाने दिया। इसके बाद गाली गलौज करने लगे और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। कार में बैठाकर सुनसान स्थान पर ले गए और 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। डरे सहमे राजू ने किसी तरह 23 हजार रुपये डाल दिए। जिसकी साक्ष्य उसने पुलिस को मोबाइल में भी दिखाया। राजू ने भी आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर देने के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# कृतार्थ की हत्या शव ठिकाने लगाने निकले प्रबंधक ने स्कूल ग्रुप पर डाला था छुट्टी का मेसेज, बयान दर्ज



हाथरस के सहपऊ ब्लॉक के गांव रसग. वां स्थित डीएल पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में कक्षा दो के छात्र कृतार्थ की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। कृ तार्थ तुरसेन गांव निवासी श्रीकृष्ण का इकलौता बेटा था। पुलिस ने 23 सितंबर को सादाबाद में स्कूल प्रबंधक दिनेश बघेल की कार से बच्चे का शव बरामद किया था।कक्षा दो के छात्र कृतार्थ की हत्या करने के बाद प्रबंधक उसका शव ठिकाने लगाने आगरा तक दौड़ा था। स्कूल में शिक्षक और बच्चे न आएं, इसके लिए उसने स्कूल के ग्रुपों पर छुट्टी का मेसेज भी डाल दिया था। ठीक पांच बजे यह मेसेज पहुंचा था। सोमवार को जांच करने पहुंची तीन अफसरों की कमेटी के समक्ष डीएल पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने यह बयान दर्ज कराए हैं।शिक्षकों ने कहा कि जब मेसेज आ गया तो वह स्कूल गए ही नहीं। उन्हें तो शाम को पता चला कि स्कूल के हॉस्टल में कक्षा दो के छात्र कृतार्थ की हत्या हो गई है। हाथरस के सहपऊ ब्लॉक के गांव रसगवां स्थित डीएल पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में कक्षा दो के छात्र कृतार्थ की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। कृतार्थ तुरसेन गांव निवासी श्रीकृष्ण का इकलौता बेटा था। पुलिस ने 23 सितंबर को सादाबाद में स्कूल प्रबंधक दिनेश बघेल की कार से बच्चे का शव बरामद किया था।उस वक्त प्रबंधक ने पुलिस को बताया था कि कृतार्थ (11) की हॉस्टल में रात को तबीयत बिगड़ गई थी। वह उसे पहले सादाबाद के अस्पताल में ले गए और फिर आगरा। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। एक बार तो पुलिस ने भी उसकी कहानी पर यकीन कर लिया था, लेकिन जब पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो पता चला कि कृतार्थ की हत्या गला दबाकर की गई है। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में पता चला कि प्रबंधक का पिता जसोदन तंत्र–मंत्र का काम करता है।पु. लिस ने कई साक्ष्य जुटाने के बाद जसोदन को गिरफ्तार कर लिया। पूछ. ताछ में पता चला कि तंत्र–मंत्र के लिए उसकी हत्या की गई है। जसोदन ने अपने बेटे दिनेश को बताया था कि अगर वह किसी बच्चे की बलि दे देता है तो स्कूल तरक्की करेगा। पुलिस इस मामले में प्रबंधक के पिता समेत पांच ला. `गों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। इस मामले की जांच भी चल रही है।21 अक्तूबर को तीन सदस्यों की कमेटी ने स्कूल के शिक्षकों के बयान दर्ज किए। शिक्षकों ने एसडीएम संजय कुमार के समक्ष जो बयान दर्ज कराए, उसके मुताबिक 23 सितंबर को ठीक पांच बजे स्कूल के ग्रुपों पर छुट्टी का मेसेज आ गया था, इसलिए कोई बच्चा और शिक्षक स्कूल नहीं गए थे। वहीं शिक्षकों के बयान से साफ हो रहा है कि जिस वक्त स्कूल का प्रबंधक कृ तार्थ के शव को ठिकाने लगाने के लिए दौड़ रहा था, उस समय ही छुट्टी का मेसेज डाला गया था।

## पहले धरतेरस फिर सहालग, अलीगढ़ में 100 करोड़ के पार होगा बर्तन कारोबार



पूजा के लिए लोग थाली, श्रीयंत्र, लोटा, लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा, दीया और घंटी भी खरीद रहे हैं। प्लेट की खूबसूरत डिजाइनिंग की गई है। पीतल और तांबे के बर्तनों की भी मांग धनतेरस पर बढ़ रही है। कारोबारियों का कहना है कि इस बार लोग स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा जागरूक दिख रहे हैं। इससे स्टील, तांबे व पीतल के बर्तनों की मांग बढ़ गई है।रोटी मेकर व डिनर सेट महिलाओं की पहली पसंदकारोबारियों की मानें तो इस बार डिनर सेट में मात का डिनर सेट और रोटी मेकर महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है। इसमें मार्बल डिनर सेट लोगों को ज्यादा भा रहा है। इसकी कीमत दो हजार से शुरू है। महंगी एलपीजी के कारण इंडक्शन चूल्हा भी लोग खूब खरीद रहे हैं। इसके अलावा उपहार में देने के लिए लोग मिक्सी, प्रेशर कुकर, इंडक्शन चूल्हा, माइक्रोओ. `वन आदि भी खरीद रहे हैं।धनतेरस और सहालगों को लेकर शहर के बाजार सजकर तैयार हैं। बाजार में नए डिजाइन वाले बर्तन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। कारोबारियों की मानें तो सहालग और दिवाली पर अलीगढ़ में 100 करोड़ का व्यापार होने का अनुमान है।इस बार 28 अक्तूबर को धनतेरस है। वहीं, दिवाली के बाद सात नवंबर से सहालग शुरू हो रहा है। ऐसे में बर्तन बाजार पर धनवर्षा होने वाली है। इसके लिए बाजार अभी से ही गुलजार हैं। बर्तन बाजार में स्टील, तांबा, पीतल समेत हर रेंज के उत्पाद सज गए हैं। किचन को सजाने के लिए गिलास सेट से लेकर मैट फिनिशिंग, हांडी सेट, कटलरी सेट, हॉट टिफिन, टी–सेट और ड्राई फ्रूट सेट लोगों को खूब भा रहे हैं।धनतेरस और सहालगों को लेकर बर्तन बाजार पूरी तरह से तैयार है। महिलाओं को इस बार रोटी मेकर और डिनर सेट ज्यादा भा रहे हैं। अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। – दीपांशु वार्ष्णेय, बर्तन कारोबारीबर्तन बाजार ग्राहकों के लिए सजकर तैयार है। एडवांस ऑर्डर भी आ रहे हैं। इस बार त्योहार पर अच्छा कारोबार होगा। लोग उपहार देने के लिए भी पहले से बुकिंग कर रहे हैं।

## आज दिनांक 22.10.2024 को रेलवे रोड महक रेस्टोरेंट में सफाई कर्मचारियों की . समस्याओं को लेकर नगर सफाई मजदूर संघ की ओर से एक प्रेसवार्ता

आज दिनांक 22.10.2024 को रेलवे रोड महक रेस्टोरेंट में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर नगर सफाई मजदूर संघ की ओर से एक प्रेसवार्ता रखी गई। जिसमें नगर सफाई मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप भण्डारी, पूर्व महामंत्री सुनील दुण्डा ने कहा कि नगर निगम द्वारा आउटसोर्स पर वर्षों से रखे गये कर्मचारीगण को हर बार किसी न किसी कम्पनी द्वारा टैण्डर कर दिया जाता है उन कर्मचारियों का रिकॉर्ड खराब हो रहा है। नगर निगम प्रशासन सफाई कार्यों को निजी कम्पनियों के हाथों में थोपना चाहता है जिसकी हम घोर निन्दा एवं विरोध करते हैं। अलीगढ़ शहर सफाई व्यवस्था में हमेशा सफाई कर्मच. ारियों को बड़ा योगदान रहा है। स्वच्छ भारत मिशन वैश्विक महामारी, आपदाएँ बडे त्यौहारों पर शहर की जनता को स्वच्छ वातावरण देते हैं इसके बाद भी निजी कम्पनियों के हाथों में सफाई कार्य को देना नगर निगम प्रशासन की एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है। जिसको किसी भी कीमत पर सफाई कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेंगे। वही अपने विचारों में प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द शास्त्री स्थानीय निकाय मजदूर संघ के प्रान्तीय महामंत्री बिल्लू चौहान ने कहा कि यह समाज को आर्थिक रूप से कमजोर करने की नीति हैं। अलीगढ़ नगर निगम प्राईवेट कम्पनी ए टू जेडअर्बन जैसी कम्पनियों को अपने समझौता के बावजूद भी शहर की सफाई का कार्य नहीं करा पा रही है। अगर महापौर नगर निगम शहर के प्रथम नागरिक है उनको सफाई कर्मच. ारियों के विषय में उनके बच्चों के भविष्य एवं शहर की उन्नति के लिए ऐसी अच्छी सोच रखनी चाहिए। अगर नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था निजी निजी कंपनियों को दिया गया तो हम एकजुटता के साथ धरना प्रदर्शन आंदोलन जजैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे शीघ्र ही एक बैठक सफाई कर्मचारियों की बुलाई जाएगी जिसमें सर्व समिति से प्रस्ताव कर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।वहीं शहर की बढ़ती हुई आबादी हेतु कम से कम दो हजार सफाई कर्मचारी और बढ़ाए जायें वो भी केवल वाल्मीकि समाज से ही हो क्योंकि हाल ही में अर्बन कंपनी ने अन्य समाज के लोगों को कार्य पर रखा है जो भलीभाँति कार्य नहीं कर रहे है।

## तीन करोड़ से 80 किलोमीटर लंबी 10 सड़कों की होगी . मरम्मत, धनराशि जारी



लोक निर्माण विभाग ने इन सड़कों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा था। शासन ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। करीब 80 किमी लंबी इन दस सड़कों के नए सिरे से निर्माण व मरम्मत के लिए करीब तीन करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी गई है।लंबे समय से बदहाल पड़ी जिले की दस सड़कों के दिन जल्द बहुरेंगे। इसके लिए शासन स्तर से तीन करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई। टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। जल्द ही इन सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा।अलीगढ़ जिले की अतरौली–पालीमुकीमपुर, बरहेती मार्ग, सिखरना–महमूदपुर, रायपुर से जामुना मार्ग, अतरौली–आलमपुर मार्ग से पापरी नगला, टप्पल–धांधौली मार्ग से उटवारा मार्ग, नारायनपुर मार्ग, रूपनगर मार्ग, बलीपुर से मजूपुर, तेहरा चौराहे से कंदौली मार्ग लंबे समय से बदहाल हैं। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।लोक निर्माण विभाग ने इन सड़कों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा था। शासन ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। करीब 80 किमी लंबी इन दस सड़कों के नए सिरे से निर्माण व मरम्मत के लिए करीब तीन करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता योगेश कुमार ने बताया कि सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### भाकियू टिकैत गुट ने अलीगढ़ में डीएम विशाख जी. से मिलकर नगर निगम और जलकल विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज



भाकियू टिकैत गुट ने अलीगढ़ में डीएम विशाख जी. से मिलकर नगर निगम और जलकल विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि नगर निगम भुजपुरा में एक किसान की 35 बीघा जमीन पर स्टे के बावजूद पानी की टंकी बनाने की को. शिश कर रहा है। किसान की जमीन पर उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही स्टे दिया गया है, लेकिन नगर निगम उसे अपनी संपत्ति बताकर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। डीएम ने इस मुद्दे पर नगरायुक्त के साथ बैठक का आश्वासन दिया है और कहा है कि किसी भी अवैध कब्जे को नहीं होने दिया जाएगा।

### आज भी अंग्रेजों का शासन...! कुर्सी पर बैठे दारोगा और फरियादी जमीन पर, अलीगढ़ की शर्मनाक तस्वीर



अलीगढ़ उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें एक महिला जमीन पर बैठी नजर आ रही है और थाने के दरा. `गा जी कुर्सी पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं. इस तस्वीर ने पुलिस के महिला सश. क्तिकरण अभियानों पर सवाल खड़े कर दिए हैं. तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि आजाद भारत में आज भी अंग्रेजों का शासन है.
इस तस्वीर को देखने के बाद आपकी आंखे शर्म से झुक जाएंगी. और जुंबा पुलिस के खिलाफ बोलने लगेगी. सवाल जरूर उठेंगे मन में कि क्या आजाद भारत में ये तस्वीर कितनी फिट बैठती है. सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल होते ही लोग सवाल पूछने लगे कि थाने में फरियादियों के साथ ऐसा ही व्यवहार होता है. वायरल तस्वीर पर जब अलीगढ़ पुलिस से संपर्क किया गया तो सफाई में कहा गया कि महिला को कुर्सी पर बैठने के लिए कहा गया था, लेकिन वह नहीं बैठी.कुर्सी पर दारोगा जी और फरियादी जमीन परये तस्वीर अलीगढ़ के हरद. `आगंज थाने की बताई जा रही है, जहां साधु आश्रम क्षेत्र के गांव कलाई में दो भाइयों के बीच विवाद हुआ था. पुलिस ने दोनों भाइयों को थाने लाकर मामले की जांच की, और इस दौरान एक युवक की पत्नी भी थाने पहुंच गई. महिला थाने पहुंचते ही जमीन पर बैठ गई, जिसका फोटो किसी ने खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. ऐसा वहां की पुलिस का कहना है.वायरल तस्वीर पर खड़े हुए सवालइस मामले में क्षेत्राधिकारी अतरौली सर्जना सिंह का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अक्सर जमीन पर बैठने को आरामदायक मानती हैं, और संभवतः महिला ने खुद ही जमीन पर बैठना चुना होगा. हालांकि, बाद में उसे कुर्सी पर बैठा दिया गया था. लेकिन इस घटना ने पुलिस के महिला सशक्तिकरण अभियानों की वास्त. विकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### कांस्टेबल संग बेडरूम में कर रही थी रोमांस, तभी आ धमका पति, सबूत लिए और कर डाला ये कांड

यूपी के अलीगढ़ में एक पति ने अपनी पत्नी को उसके आशिक संग रंगेहाथों रोमांस करते पकड़ा. युवक कई दिन से उन दोनों की रेकी कर रहा था. उसने दोनों के अफेयर के सबूत जुटा रखे थे. महिला का आशिक कोई और नहीं बल्कि यूपी पुलिस का कांस्टेबल था. युवक फिर एसपी ऑफिस पहुंचा. सभी सबूत उन्हें दिखाए, जिसके बाद आरोपी कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया.उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में शादीशुदा महिला ने सिपाही संग अफेयर चलाया. पति को इसकी भनक लगी तो उसने पहले पत्नी और उसके आशिक की रेकी करवाई. फिर दोनों को बंद कमरे में रोमांस करते रंगे. हाथों पकड़ा. उसके बाद पति सीधे थाने पहुंचा. यहां उसने एसपी को पूरी बात बताई. एसपी ने फिर आरोपी सिपाही को सस्पेंड कर दिया.मामला अलीगढ़ के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का है. यहां जमालपुर इलाके के युवक का रुपयों की वसूली को लेकर कुछ लोगों से झगड़ा हो गया था. इस पर उसकी पत्नी ने थाने में जाकर पुलिस से मदद मांगी थी. वहां तैनात कांस्टेबल से फिर महिला की दोस्ती हो गई. सिपाही की बदौलत पैसों का झगड़ा तो खत्म हो गया. लेकिन महिला का उस सिपाही से अफेयर शुरू हो गया.युवक ने की प्लानिंगउसने सोचा कि क्यों न मैं अपनी बीवी को उसके आ. शिक संग रंगेहाथों पकड़ूं. फिर क्या था युवक ने अपनी पत्नी और कांस्टेबल की रेकी करना शुरु कर दिया. रविवार को जब वो सिपाही का पीछा कर रहा था तो देखा कि वो उसी के घर की तरफ जा रहा है. युवक भी उसके पीछे गया. फिर जैसे ही सिपाही उसके घर में दाखिल हुआ, युवक थोड़ी देर तक घर के बाहर इंतजार करता रहा. फिर वो अचानक से घर में घुसा. बेडरूम में सिपाही संग अपनी बीवी को रोमांस करते देखा तो युवक बौखला गया.एसपी को दिखाए सबूतवो सबूत लेकर सीधे एसपी ऑफिस गया. रेकी से लेकर अपनी बीवी को आशिक संग रंगेहाथों पकड़ने के जितने भी सबूत थे उसने एसपी को दिखाए. एसपी ने फिर तुरंत प्रभाव से सिपाही को सस्पेंड कर दिया. वहीं, अब यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है.आलम ये हुआ कि सिपाही और वो महिला छुप–छुपाकर मिलने लगे. जब महिला का पति काम से बाहर जाता तो सिपाही उस महिला के घर आ जाता. दोनों के बीच फिर संबंध बन गए. इस बीच महिला का पति काम के सिलसिले में कई दिनों के लिए शहर से बाहर गया. उधर, सिपाही रोज महिला के घर आने लगा तो हर तरफ इसकी चर्चा होने लगी. खबर महिला के पति के कानों पर भी पड़ी.

### मण्डलायुक्त ने फैशन एवं मेकअप शो का किया शुभा. रंभ

अलीगढ़ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ चौत्रा वी. एवं स्लीपवेल फाउंडेशन की ट्रस्टी नमिता गौतम द्वारा फैशन एवं मेकअप शो का दीप प्रज्ज्व. लित कर शुभारंभ किया गया।स्लीपवेल फाउंडेशन मीरपुर खुर्जा कौशल विकास केंद्र में आयोजित फैशन और मेकअप शो में 100 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग कर अपने परिधान और मेकअप का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि चौत्रा वी. द्वारा कार्यक्रम में एएफटी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. फोर्ट जनरल वीके अहलूवालिया और मास्टर–जी की संस्थापक गायत्री जॉली द्वारा कार्यक्रम में सहयोग किया गया।मण्डलायुक्त अलीगढ़ चौत्रा वी. ने कहा कि स्लीपवेल फाउंडेशन कौशल विकास केंद्र मीरपुर ग्रामीण क्षेत्र के प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार से प्रोत्साहित कर रहा है। कार्यक्रम में 200 प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, फैशन डिजाइन, ब्यूटीशियन, एआरएमवाई, पैरामेडिकल समेत विभिन्न क्षेत्रो में प्रशिक्षित कर उनको प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर सीओ दुर्गेश सिंह, स्लीपवेल फाण्डेशन से दिनेश नायर, बिजय कुमार पांडे, युवावीर सिंह, शेखर शर्मा, अश्वनी, विकास, दिशा, ऋतु, अर्शी, अंजलि सिंह, देवयानी, साबिर, श्रीओम, गिरिजा चौहान समेत प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# देवउठनी एकादशी 2024 में कब ? नोट कर लें डेट, इसी दिन से शुरू होंगे मांगलिक कार्य

हिंदू धर्म में कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया जाता है. इस महीने धन और ऐश्वर्य की देवी माता लक्ष्मी (स्•उप रप) और जगत के पालनहार भगवान विष्णु की उपासना करने जन्मों–जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं. खासकर कार्तिक माह में आने वाली देवउठनी एकादशी पर श्रीहरि का पूजन करना विशेष फलदायी होता है.इसे देवोत्थान एकादशी और प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन विष्णु जी क्षीर निद्रा से जागते हैं और मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं. इस साल देवउठनी एकादशी 2024 की डेट, पूजा मुहूर्त, व्रत पारण समय

पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी 11 नवंबर 2024 को शाम 06 बजकर 46 मिनट पर शुरू होगी और 12 नवंबर 2024 को शाम 04.04 मिनट पर समाप्त होगी.विष्णु पूजा का मुहूर्त – सुबह 09.23 – सुबह 10.44रात में शालिग्राम और तुलसी पूजा का समय – रात 07.08 – रात 08.47देवउ. ठनी एकादशी 2024 व्रत पारण देवउठनी एकादशी का व्रत 24 घंटे के लिए किया जाता है. देवउठनी एकादशी व्रत का पारण कार्तिक माह के द्वादशी तिथि पर 13 नवंबर 2024 को सुबह 06.42 से सुबह 8.51 के बीच किया जाएगा.देवउ. ठनी एकादशी व्रत महत्व देवश्यनी




एकादशी से बंद हुए मांगलिक कार्य देवउठनी एकादशी से फिर से शुरू होते हैं. देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से परिवार पर भग. वान की विशेष कृपा बनी रहती है. इसके साथ ही मां लक्ष्मी घर पर सदैव धन, संपदा और वैभव की वर्षा करती हैं. चातुर्मास के चार महीनों के दौरान ही दिवाली मनाई जाती है, जिसमें भगवान विष्णु के बिना ही मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है, लेकिन देवउठनी एकादशी को भगवान विष्णुजी के जागने के बाद देवी–देवता भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की एक साथ पूजा करके देव दिवाली मनाते हैं.

# अहोई अष्टमी का व्रत कब रखा जाएगा




हिंदू धर्म में हर त्योहार और पर्व का अपना अलग महत्व है. कार्तिक माह में पड़ने वाला यह व्रत बहुत महत्वपूर्ण है. इस व्रत को माता अपने बच्चों की कुशलता के लिए रखती हैं. अहोई अष्टमी का व्रत कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है. साल 2024 में अहोई अष्टमी का व्रत 24 अक्टूबर,बृहस्पतिवार के दिन रखा जाएगा. इस दिन आकाश में तारों को देख कर व्रत का पारण किया जाता है. अहोई अष्टमी 2024 तिथि अहोई अष्टमी तिथि की शुरुआत 23 अक्टूबर, 2024 बुधवार को रात 1.18 मिनट पर होगी. अहोई अष्टमी तिथि 24 अक्टूबर, 2024 बृहस्पतिवार को रात 1.58 मिनट पर समाप्त होगी.इस तिथि के अनुसार अहोई अष्टमी का व्रत 24 अक्टूबर, बृहस्पतिवार के दिन रखा जाएगा.इस दिन पूजा का मुहूर्त है शाम 5.42– 6.59 मिनट तक. कुछ अवधि–1 घंटा 17 मिनट रहेगीतारों को देखने का समय 6.06 मिनट रहेगाअहोई अष्टमी के दिन चंद्रोदय का समय रात 11.55 मिनट पर रहेगाअहोई अष्टमी का व्रत करवा चौथ के व्रत के 4 दिन के बाद आता है. इस व्रत को अहोई आठें के नाम से भी जाना जाता है. अहोई अष्टमी का व्रत उत्तर भारत में अधिक लोकप्रिय हैं. इस दिन माताएं अपने बच्चों के लिए व्रत करती हैं. वहीं अगर निसंतान महिलाएं अगर इस दिन व्रत करती हैं तो माना जाता है उन्हें संतान की प्राप्ति होती हैं.दिवाली से 8 दिन पहले पड़ने वाले इस व्रत को का. र्तिक माह की अष्टमी तिथि को रखा जाता है. इस दिन अहोई माता की पूजा–अर्चना की जाती है. आइये जानते हैं इस व्रत की पूजा विधि.अहोई अष्टमी पूजा–विधि इस दिन माताएं और महिलाएं सुबह उठकर व्रत का संकल्प लें.शाम को पूजा सही मुहूर्त देख करें. दीवार पर देवी अहोई की छवि निर्मित करें.पूजा में 8 पूड़ी, 8 पुआ तथा हलवा जरुर रखें.पूजा के दौरान व्रत की कथा जरुर सुनें, या पढ़ें.इस दिन सेई की भी पूजा की जाती है तथा सेई को हलवा एवं सरई की सात सींकें अर्पित की जाती हैं.पूजा के बाद अहोई अष्टमी की आरती करें.आकाश में तारों को देख कर व्रत का पारण करें.

# गुरू नानक जयंती कब ? इस दिन को प्रकाश पर्व क्यों कहते हैं

कार्तिक पूर्णिमा पर गुरु नानक जयंती मनाई जाती है. ये सिखों का सबसे बड़ा त्योहार है. इसे नानक देव का प्रकाश पर्व भी कहते हैं. गुरु नानक जयंती दिवाली के 15 दिनों के बाद मनाई जाती है. गुरु नानक जी सिख धर्म के संस्थापक और सिखों के सबसे पहले गुरु थे.गुरु नानक जयंती के दिन सिख समुदाय वाले भजन–कीर्तन,लंगर करते हैं. गुरुद्वारे में इस दिन भक्ति और सेवा का संगम चलता है. गुरु नानक जी के दी शिक्षाओं पर चलने का प्रण लिया जाता है. गुरु नानक जयंती 2024 में कब है, जानें डेट.गुरु नानक जयंती को क्यों कहते प्रकाश पर्व ? नानक जी ने समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का कार्य किया थी. इसी वजह से गुरु नानक जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है.गुरु नानक जयंती 2024 डेट गुरु नानक जयंती 15 नवंबर 2024 को है. गुरु नानक की 555वीं वर्षगांठ है. एक महान दार्शनिक, समाज सुधारक, धर्म सुधारक, सच्चा देशभक्त और योगी के रूप में आज भी याद किया जाता है. ईश्वर के प्रति गुरु नानक का समर्पण काफी ज्यादा था.गुरु नानक जी का जन्म कब हुआ ? गुर नानक देव का जन्म साल 1469 में का. र्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ था. पूर्णिमा तिथि 15 नवंबर 2024 को सुबह 06.19 से शुरू होगी और अगले दिन 16 नवंबर 2024 को सुबह 02.58 तक रहेगी.गुरु नानक जी की 3 की खास बात. 'गुरु नानक देव जी ने 3 महत्वपूर्ण बातें बताईं, जिसमें हर सिख व्यक्ति को अनुसरण करना जरूरी है. हर सिख



को नाम जप करना, कीरत करना और वंड चखना आवश्यक है. इसका अर्थ है ईमानदारी और मेहनत से अपना काम करें और सत्य के पथ पर चलें. आप ने जो कुछ भी हासिल किया है, उसका मिल बांटकर आनंद लें. अपनी कमाई का एक हिस्सा गरीबों को दान या सामा. जिक विकास में लगाएं.

# 22 अक्टूबर का मुहूर्त, राहुकाल और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जानें

आज 22 अक्टूबर 2024 को कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि और मंगलवार है.इस दिन हनुमान यंत्र की स्थापना से भी बहुत लाभ मिलता है. आज के दिन अपने पूजा घर में इस यंत्र को स्थापित करें और हर दिन इसकी पूजा करें. इससे आपकी सारी मनोक. ामना पूरी होगी.शाम को पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं और पूर्व दिशा में मुंह करके तुलसी की माला से श्री राम नाम का कम से कम 11 बार जाप करें. इससे हनुमान जी प्रसन्न होते हैं.मंगलवार की शाम को हनुमान जी को केवड़े का इत्र अथवा गुलाब की माला चढ़ाने से भी वो अपनी कृपा भक्तों पर बरसाते हैं. शनि दोष से छुटकारा मिलता है आज का पंचांग, 22 अक्टूबर 2024 2024) तिथि षष्ठी (22 अक्टूबर 2024, सुबह 02.29 – 23 अक्टूबर 2024, सुबह 01.28)पक्ष कृष्ण वार मंगलवार नक्षत्र आर्द्रा योग परिघ, त्रिपुष्कर, रवि योग राहुकाल दोपहर 2.55 – शाम 04.19 सूर्योदय सुबह 06.26 – शाम 05.44 चंद्रोदयरात 9.51 – सुबह 11.45, 22 अक्टूबरदिशा शूल उत्तरचंद्र राशि मिथुन सूर्य राशि तुलाशुभ मुहूर्त, 22 अक्टूबर 2024ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04.37 – सुबह 05. 26अभिजित मुहूर्त सुबह 11.43 – दोपहर 12.28 गोधूलि मुहूर्त शाम 05.45 – शाम 06.11 विजय मुहूर्त दोपहर 01.59 – दोपहर 02.44अमृत काल मुहूर्त रात 07.44 – रात 09.19निशिता काल मुहूर्त रात 11.40 – प्रातः 12.31, 23 अक्टूबर 22 अक्टूबर 2024 अशुभ मुहूर्त यमगण्ड – सुबह 09.16 – सुबह



10.41 गुलिक काल – दोपहर 12.05 – दोपहर 1.30 आडाल योग – सुबह 6.26 – सुबह 5.38, 23 अक्टूबरभद्रा काल – सुबह 1.28 – सुबह 6.27, 23 अक्टूबर आज का उपाय कर्ज की समस्या से गुजर रहे हैं तो आज के दिन मंगल देव की पूजा करें. ऊँ अं अंगारकाय नम मंत्र का 108 बार जाप करें

# धनतेरस पर खरीदारी के 3 शुभ मुहूर्त, इन चीजों को खरीदी से प्रसन्न होंगी लक्ष्मी जी

दीपावली का त्योहार धनतेरस से प्रारंभ होता है. हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाई जाती है. इस दिन धन प्राप्ति के लिए कुबेर देवता, धनवंतरि भगवान की पूजा का विधान है.साथ ही धनतेरस का दिन खरीदारी के लिए बेहद शुभफलदायी होता है. अगर इस धनतेरस आप भी सोना, वाहन, संपत्ति, घर, खरी. दने का सोच रहे हैं तो आपके लिए कौन मुहूर्त शुभ होगा यहां देखें.धनतेरस 2024 तिथिधनतेरस को धनत्रयोदशी भी कहते हैं. इस बार त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनट से हो रही है। इस तिथि की समाप्ति 30 अक्टूबर को दोपहर 01 बजकर 15 मिनट पर होगी. इस वजह से धनतेरस की पूजा 29 अक. टूबर 2024 को होगी धनतेरस पर खरीदारी के 3 शुभ मुहूर्त धनतरेस पर घर–मकान, बर्तन, सोने–चांदी के आभूषण,इलेक्ट्रॉनिक आदि सामानों को खरीदा जाता है. अगर आप धनतेरस के दिन खरीदारी करने वाले हैं तो –29 अक्टूबर, मंगलवार को सुबह 10.31 मिनट से 30 अक्टूबर 6.32 मिनट तक शुभ मुहूर्त रहेगा.खरीदारी मुहूर्त – शाम 06.31 – रात 08.13तीसरा खरीदारी मुहूर्त – शाम 05.38 – शाम 06.55वहीं धनतेरस पर खरीदारी की परंपरा होने से पूरे दिन खरीदी की जा सकती है, लेकिन विद्वानों के मुताबिक, धनतेरस पर शाम के समय लक्ष्मी और कुबेर की पूजा व यम दीपदान के साथ ही खरीदी के लिए भी श्रेष्ठ समय रहेगा.धनतेरस पर इन वस्तुओं को खरीदेंधनतेरस के दिन आपको सोना, चांदी, कांसा, फूल, पीतल या तांबा से बनी वस्तुओं को ही खरीदें. यह आपके लिए उन्नतिदायक होगी. धातु के बर्तन जरुर खरीदें, क्योंकि इस दिन समुद्र मंथन में भगवान धन्वंतरि कलश में अमृत लेकर निकले थे, इसलिए इस दिन धातु के बर्तन खरीदते हैं.

# दिवाली पर हर साल लक्ष्मी–गणेश की नई मूर्ति क्यों खरीदी जाती है

दिवाली, दीपावली या दीपोत्सव हिंदू धर्म का सबसे बड़ा त्योहार है, जोकि पूरे 5 दिनों तक चलता है. इस दिन लक्ष्मी–गणेश की एक साथ पूजा करने का विधान है. दिवाली की शाम घर, दुकान, ऑफिस से लेकर कारखाने आदि जगहों पर लक्ष्मी–गणेश की मूर्ति स्थापित की जाती है.हर साल दिवाली पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की नई मूर्ति खरीदी जाती है. दिवाली के दिन नई मूर्ति में पूजा–अनुष्ठान करने के बाद यह मूर्ति पूरे साल स्थापित रहती है और पुरानी मूर्ति का विसर्जन कर दिया जाता है. लेकिन क्या आपने सोचा है कि आखिर हर साल दिवाली में नई मूर्ति में ही क्यों होती है लक्ष्मी गणेश की पूजा. आखिर क्या है इसके पीछे का कारण या मान्यता.दिवाली में लक्ष्मी–गणेश की वही मूर्ति नई खरीदी जाती है जोकि मिट्टी से बनी होती है. सोना, चांदी या पीतल जैसे धातुओं की मूर्ति को नहीं बदला जाता है. वहीं आमतौर पर जब गणेशोत्सव या दुर्गोत्सव में देवी–देवताओं की मूर्ति स्थापित होती है तो उसका विसर्जन दस दिनों में कर दिया जाता है. लेकिन दिवाली पर लक्ष्मी–गणेश की स्थापित मूर्ति पूरे साल रहती है.दरअसल प्राचीन काल में मिट्टी से बनी मूर्तियों में पूजा



करने का अधिक प्रचलन था. जो सालभर रखने के बाद खंडित, खराब या बदरंग सी हो जाया करती थी. इसलिए दिवाली के शुभ मौके पर मूर्ति का विसर्जन कर नई मूर्ति लाई जाती थी. इसके बाद से दिवाली पर हर साल नई मूर्ति खरीदने की परंपरा की शुरुआत हो गई. लक्ष्मी–गणेश की मूर्ति कब खरीदेंबता दें कि दिवाली में लक्ष्मी–गणेश की नई मूर्ति खरीदने के लिए धनतेरस का दिन सबसे शुभ माना जाता है. आप धनतेरस में अन्य वस्तुओं की शॉपिंग के साथ ही इस दिन लक्ष्मी–गणेश की मूर्ति भी खरीद सकते हैं. इस साल धनतेरस मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 को है और दिवाली का पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनाया जाएगा.

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
**अमित कुमार वर्मा**
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित
सम्पादक
**अमित कुमार वर्मा**
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।

## कालाष्टमी के दिन इस मुहूर्त और योग में करें पूजा, काल भैरव की कृपा से बनेंगे बिगड़े काम!

हिन्दू धर्म में कालाष्टमी पर्व का बहुत अधिक महत्व होता है. जो भगवान शिव के उग्र रूप, काल भैरव की पूजा के लिए समर्पित है. इस दिन पूजा करने से काल भैरव की कृपा से कई प्रकार के लाभ मिलते हैं, जैसे कि ग्रह दोषों से मुक्ति, शत्रुओं का नाश और मनोक. ामनाओं की पूर्ति आदि. ऐसी मान्यता है कि काल भैरव की कृपा प्राप्त करने के लिए विधि–विधान से पूजा की जाए, तो वे लोगों की इच्छाएं अवश्य पूरा करते हैं और जीवन में लोगों के बिगड़े हुए काम भी जल्द बनने लगते हैं. इसके साथ ही घर में सुख–समृद्धि का वास होता है और सभी परेशानियां खत्म होती हैं.द्रिक पंचांग के अनुसार, पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 24 अक्टूबर को देर रात 01 बजकर 18 मिनट पर शुरू होगी और 25 अक्टूबर देर रात 01 बजकर 58 मिनट पर समाप्त होगी. कालाष्टमी पर निशा काल में भैरव देव की पूजा की जाती है. ऐसे में 24 अक्टूबर को कार्तिक माह की कालाष्टमी मनाई जाएगी. इस दिन अमृत सिद्धि, सर्वार्थ सिद्धि, गुरु पुष्य और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है. मान्यता है इन तीनों [illegible] में पूजा करने



से लोगों को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी.काल भैरव की मूर्ति, धूप, दीप, फूल (काले या नीले रंग के), अक्षत, रोली, चंदन, नैवेद्य (भोग), जल, कपूर आदि चीजें काल भैरव की पूजा में अवश्य शामिल करें, क्योंकि इन चीजों के बिना कालभैरव की पूजा अधूरी मानी जाती है.मान्यता है कि कालाष्टमी के दिन काल भैरव की विधान से पूजा करने से लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और लोगों को ग्रह दोषों से मुक्ति प्राप्त होती है. इसके अलावा रोगों से मुक्ति मिलती है और धन लाभ के साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है. जिससे जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है. भगवान काल भैरव की कृपा से शत्रुओं का नाश होता है और व्यक्ति को जीवन में सफलता मिलती है और कुंडली में मौजूद ग्रह दोषों का निवारण होता है.

